हिमाचल संस्कृत अकादमी

(हिमाचल प्रदेश सरकार)

उच्चतर शिक्षा निदेशालय परिसर, शिमला-171001

दूरभाष एवं फैक्स : 0177- 2658093 e-mail: himsktacademy@gmail.com

हिमाचल संस्कृत अकादमी परिसर
शिक्षा निदेशालय उच्चतर हि.प्र.

पत्र संख्या हि.सं.अ.-9/2020-21-395

दिनांक 09/12/2020

शिमला - 1

सेवा में

समस्त प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय/संस्कृत महाविद्यालय (हि.प्र.)
एवं समस्त प्रधानाचार्य रा.व.मा.वि. (हि.प्र.)

विषय : राज्यस्तरीय गीता जयन्ती समारोह ।

महोदय !

हिमाचल संस्कृत अकादमी संस्कृत भाषा के प्रचार व प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रही है । इस क्रम को जारी रखते हुए हिमाचल संस्कृत अकादमी अकादमी के संविधान के नियम -5 के अनुरूप उद्देश्यों की पूर्ति हेतु 25-26 दिसम्बर 2020 को ऑनलाइन राज्यस्तरीय गीता जयन्ती समारोह का आयोजन कर रही है । जिसमें 25 दिसम्बर को कक्षा 11 से स्नातक स्तर के विद्यालीय/महाविद्यालीय छात्रों की गीता ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा गीता अध्याय श्लोक स्मरण प्रतियोगिता करवायी जाएगी एवं 26 दिसम्बर को शिक्षकों के लिए शोध-संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा । जिसका प्रारूप पत्र के साथ संलग्न है ।

अत: आप प्रति प्रतियोगिता हेतु अपनी संस्था के दो छात्रों के नाम तथा शोध-संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत करने वाले शिक्षक का नाम पूर्ण पता दूरभाष व ई-मेल पते सहित अकादमी की ई-मेल *himsktacademy@gmail.com* पर 20 दिसम्बर तक भेजें । संस्कृत भाषा के विकास एवं संवर्धन में आपका सहयोग अपेक्षित है ।

शिक्षा निदेशक (उच्चतर)
एवं कार्यकारी सचिव
हिमाचल संस्कृत अकादमी
हिमाचल सरकार ।

राज्यस्तरीय गीता जयन्ती कार्यक्रम 25-26 दिसम्बर 2020

1. गीता ज्ञान प्रश्नोतरी प्रतियोगिता: (25 दिसम्बर 2020)

यह प्रतियोगिता ऑनलाइन माध्यम से (गूगल फॉर्म) होगी जिसमें गीता ज्ञान से संबन्धित बहुविकल्पीय 50-60 तक प्रश्न पूछे जाएंगे । विजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र के साथ प्रथम,द्वितीय,तृतीय एवं दो प्रोत्साहन पुरस्कार दिये जाएंगे।

2. गीता अध्याय श्लोक स्मरण प्रतियोगिता: (25 दिसम्बर 2020)

यह प्रतियोगिता ऑनलाइन CISCO WEBEX MEET के माध्यम से होगी जिसमें गीता के किसी भी एक अध्याय को स्मरण करके सुनाना होगा। इसमें भी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र के साथ प्रथम,द्वितीय,तृतीय एवं दो प्रोत्साहन पुरस्कार दिये जाएंगे। प्रतियोगिता में न्यूनतम 20 श्लोक सुनाने अनिवार्य हैं।

नोट: इन प्रतियोगिताओं में कक्षा 11 से स्नातक (बी.ए./शास्त्री) स्तर के छात्र भाग ले सकते हैं । एक संस्था से एक प्रतियोगिता में केवल दो ही प्रतिभागी भाग ले सकते हैं । प्रतिभागियों की सूचना प्रतियोगिता के नाम के साथ पूर्ण पता दूरभाष(whatsapp Number) व ई-मेल पते सहित अकादमी कार्यालय को निर्धारित समय पर प्रेषित करनी होगी।

3. शोधपत्र संगोष्ठी : (26 दिसम्बर 2020)

यह संगोष्ठी CISCO WEBEX MEET के माध्यम से दो सत्रों में होगी। शोधपत्र के विषयों का चयन गीता के 18 अध्यायों के आधार पर किया जा सकता है । सभी शोध संस्कृत भाषा में पढ़े जाएँगे । पर्यवेक्षकों द्वारा चयनित शोधपत्रों का प्रकाशन अकादमी की पत्रिका दिव्य ज्योति में किया जाएगा । संगोष्ठी में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को ई-मेल के माध्यम से प्रतिभागिता की सूचना शोध विषय सहित तथा न्यूनतम 5 पृष्ठों के शोधपत्र की पीडीएफ़ तथा वर्ड फ़ाइल अकादमी की ई-मेल divyajyoti.hpsktacademy@gmail.com पर 20 दिसंबर तक भेजनी होगी । संगोष्ठी में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अकादमी की तरफ से ऑनलाइन प्रमाणपत्र दिये जाएँगे । अधोलिखित संभावित विषयों का चयन भी संगोष्ठी के लिए किया जा सकता है ।

संभावित विषय :

1. श्रीमद्भगवद्गीतायां कर्मयोगस्य निरूपणम ।
2. आधुनिकसमये श्रीमद्भगवद्गीताया: उपादेयता ।
3. श्रीमद्भगवद्गीतायां वर्णितस्य सांख्ययोगस्य निरूपणम ।
4. श्रीमद्भगवद्गीतायां विश्वरूपदर्शनस्य विवेचनम।
5. भारतीयसमाज: श्रीमद्भगवद्गीता च ।
6. अस्माकं आचार: विचार: तथा च श्रीमद्भगवद्गीता ।
7. श्रीमद्भगवद्गीता तथा अस्माकं आहार: ।
8. श्रीमद्भगवद्गीतायां वर्णितानां विषयानां विवेचनम ।
9. श्रीमद्भगवद्गीताया: सार्वभौमिकी प्रासंगिकता

नोट: सभी शोधपत्र वाचकों, निर्णायकों एवं पर्यवेक्षकों/व्यवस्थापकों को अकादमी के नियमानुसार मानदेय दिया जाएगा । अधिक जानकारी के लिए आप अकादमी के दूरभाष 0177-2658093 पर संपर्क कर सकते हैं ।

शिक्षा निदेशक (उच्चतर)
एवं कार्यकारी सचिव
हिमाचल संस्कृत अकादमी
हिमाचल सरकार

हिमाचल-संस्कृत-अकादमी

(हिमाचलसर्वकारः)

राज्यस्तरीयः

गीताजयन्ती महोत्सवः

मार्गशीर्षः, शुक्ल-एकादशीतिथौ तदनुसारं
आंग्लः 25 दिसेम्बर 2020 तमे वर्षे

अन्तर्जालीयगीताप्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता - 10 वादने प्रातः

WEBEXमाध्यमेन गीताश्लोकोच्चारण प्रतियोगिता- 11 वादने

अन्तर्जालीयसंगोष्ठी

मार्गशीर्षः, शुक्ल-द्वादशीतिथौ तदनुसारं आंग्लः 26 दिसेम्बरः 2020 तमे वर्षे

श्रीमद्भगवद्गीतायाः सार्वभौमिकी प्रासंगिकता

संभावितविषयाः

1.गीतायां कर्मयोगस्य निरूपणम्।
2.आधुनिकसमये गीतायाः उपादेयता।
3.गीतायां वर्णितस्य सांख्ययोगस्य निरूपणम्।
4.गीतायां विश्वरूपदर्शनस्य विवेचनम्।
5.भारतीयसमाजः गीता च।
6.अस्माकं आचारः विचारः तथा च गीता।
7. गीता तथा अस्माकम् आहारः।
8.गीतायां वर्णितानां विषयानां विवेचनम्।

विशेषः- सर्वे शोधविषयाः संस्कृतभाषायां भविष्यन्ति। शोधदृष्ट्या महत्वपूर्णशोधपत्राणां प्रकाशनम् अकादम्याः दिव्यज्योतिः पत्रिकायां भविष्यति।

शोधपत्रवाचक अपने शोधपत्र को krutidev 10 या Arial Unicode में टाइप करके word file एवं PDF फाइल सहित अकादमी की निम्नलिखित मेल पर 20-12-2020 तक भेजने की कृपालता करें।
चयनित प्रतिभागियों को मानदेय व प्रमाणपत्र भी दिए जाएँगे।

divyajyoti.hpsktacademy@gmail.com

0177-2658093